PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 | अंक 1 | जयपुर: 8 अगस्त 2023 से 22 अगस्त 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

**जरूरी सूचना**

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें
9314407796

## शुभकामना संदेश

### संदेश



**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री,
राजस्थान सरकार

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि परिष्कार पत्रिका जयपुर के प्रकाशन के स्थापना दिवस पर 8 अगस्त को विशेषांक का प्रकाशन किया जा रहा है। राजधानी जयपुर से पिछले दो दशक से पत्रिका का प्रकाशन अपने आप में महत्वपूर्ण हैं। यह इसके पाठकीय विश्वास का परिचायक है। यह शुभ है कि परिष्कार पत्रिका परिवार सामाजिक सरोकारों के तहत चिकित्सा शिविर, बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण आदि में सहयोग करता है। आशा है इस विशेषांक में अब तक अनुभवों के आधार पर प्रदेश के चहुंमुखी विकास और आमजन के कलयाण के लिए संचालित राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का भी समावेश किया जाएगा। मैं परिष्कार पत्रिका के सम्पादक मण्डल और पाठकों को स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए विशेषांक के प्रकाशन की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

अशोक गहलोत

रविसिंह किरार
संपादक, परिष्कार पत्रिका
89, संतोष नगर अजमेर रोड़, जयपुर 302006

### शुभकामना संदेश



उदयचंद बारूपाल

परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस पर सम्पादक मंडल को हार्दिक बधाई और अनन्त शुभकामनाएं। परिष्कार पत्रिका दो दशकों से समाज, प्रदेश तथा देश के सभी प्रमुख मुद्दों को प्रखरता से उठाती रही है तथा विषयों के समाधान में विशेष भूमिका निभाती रही है। साथ ही शिक्षा, खेल कूद, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एंव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आमजन के उत्थान में सदैव तत्पर रही है। मेरी ओर से एक बार पुनः परिष्कार पत्रिका के संपूर्ण परिवार को निरंतर प्रगति की विशेष मंगलकामनायें। आप सभी को साधुवाद।

उदयचंद बारूपाल, पूर्व जिला न्यायाधीश
एवं संस्थापक ट्रस्टी, उदय कौशल फाउंडेशन ट्रस्ट

### शुभकामना संदेश



डॉ. रमेश सौलंकी

**Dr. Ramesh Solanki**
Sr. AGM (Commercial)
I.G.I. Airport, Terminal-3,
New Delhi-110037

सादर प्रणाम, मुझे ज्ञात हुआ है कि 08 अगस्त 2023 को परिष्कार पत्रिका समूह अपना 21 वां स्थापना दिवस मना रहा है और इसी कड़ी में 21वां स्थापना दिवस विशेषांक का प्रकाशन भी किया जा रहा है। इस शुभ उपलक्ष्य पर मैं परिष्कार पत्रिका के संपूर्ण परिवार को हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। मैं हृदय की गहराईयों से परिष्कार पत्रिका को साधुवाद देना चाहता हूँ और आशा करता हूँ कि यह पत्रिका निरंतर प्रगति करते हुए पत्रकारिता की नई ऊचाईयों पर जल्द पहुँचे। शुभ मंगलकामनाओं सहित। डॉ रमेश सोलंकी

प्रत्याशी, जमवारामगढ़ विधानसभा
ग्रामः रामपुरा, टारड़ा, त. पावटा, कोटपुतली जयपुर

# नवीन जिलों में समस्त प्रमुख कार्यालय प्रारंभ

**राज्य स्तरीय समिति करेगी जिला कलेक्ट्रेट और अन्य कार्यालयों हेतु भूमि का चयन, स्वतंत्रता दिवस पर होंगे 2 दिवसीय भव्य आयोजन**



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास तथा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने नवीन जिलों तथा संभागों का सृजन किया है। विकेन्द्रीकरण से प्रशासन की क्षमताएं बढ़ेंगी और कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आमजन के प्रशासनिक कार्यों की सुगमता के लिए उन्होंने अधिकारियों को नवीन जिलो के शीर्घ ही पूर्ण रूप से क्रियाशील होने संबंधी दिशानिर्देश दिए। गहलोत मंगलवार देर रात मुख्यमंत्री निवास पर नवीन जिलों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 60 वर्षों में मात्र 7 नवीन जिलों का गठन हुआ, जबकि इस अवधि में प्रदेश की जनसंख्या में 3 गुना बढ़ोतरी हुई। जुलाई 2006 में राज्य का नवीनतम प्रतापगढ़ जिला घोषित हुआ था, जो 2008 में क्रियाशील हुआ। राज्य की वर्तमान जनसंख्या एवं भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए हमने 17 मार्च 2023 को नवीन जिले तथा संभाग के सृजन की घोषणा की थी, जो कि मात्र 5 माह की अवधि में ही क्रियाशील हो चुके हैं। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**नवीन जिलों में समस्त प्रमुख कार्यालय प्रारंभ :** बैठक में बताया गया कि समस्त नवीन जिलो में जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। साथ ही, नवीन रेंजों में एडीजी को रेंज प्रभारी नियुक्त किया जा चुका है। संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्ट्रेट सहित सभी मुख्य विभागों के जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए पद सृजन की कार्यवाही की जा चुकी है। पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक नवीन जिले के लिए 50 का अतिरिक्त जाबता आरक्षित करते हुए नवीन पदोपर पदस्थापन किया जा चुका है। जिलाकलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक जिला कलेक्ट्रेट के लिए 1 करोड़ रुपए एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए 60 लाख रुपए का आवंटन किया जा चुका है। नवीन जिला मुख्यालयों पर सर्किट हाउस सहित समस्त जिला स्तरीय सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। नवीन जिलों में जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापना भी की जाएगी। इस बाबत् आवश्यक प्रस्ताव माननीय उच्च न्यायालय को सहमति हेतु प्रेषित किये जाएंगे।

**टाउन प्लानिंग विशेषज्ञ बनाएंगे विशेष कार्ययोजना :** बैठक में बताया गया कि सभी नवीन जिला मुख्यालयों के वर्तमान मास्टर प्लान को रिव्यू किया जाएगा। साथ ही, यहां सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए टाउन प्लानिंग विशेषज्ञों के सहयोग से विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**राज्य स्तरीय समिति करेगी कार्यालयों हेतु भूमि का चयनः** बैठक में बताया गया कि मिनी सचिवालयध्कलेक्ट्रेट हेतु भूमि चयन को अंतिम रूप अति. रिक्त मुख्य सचिव राजस्व की अध्यक्षता में गठित एक राज्य स्तरीय समिति द्वारा दिया जाएगा। इसके लिए नए जिलों से पूर्व में प्राप्त प्रस्तावों को भी इस समिति द्वारा रिव्यू किया जाएगा। सुनियोजित विकास के दृष्टिगत नगर नियोजन विभाग के अधिकारियों की कमेटी द्वारा मौके पर जाकर मिनी सचिवालयधजिला कलेक्ट्रेट हेतु चिन्हित भूमि की उपयुक्तता का परीक्षण किया जाकर राज्य स्तरीय समिति को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उक्त समिति द्वारा यह भी ध्यान रखा जाएगा कि यदि भूमाफियाओं एवं अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा भूमि की खरीद फरोक्त की गई है, तो आवश्यक होने पर मिनी सचिवालयधजिला कलेक्ट्रेट हेतु चिन्हित भूमि एवं आसपास के क्षेत्र में भू–रूपांतरण पर रोक भी लगाई जा सकेगी।

**नगर पालिकाओं के क्रमोन्नयन का निर्णय :** बैठक में सैद्धांतिक रूप से निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय की नगर पालिकाओं को विधिवत रूप से परीक्षण कर नगर परिषद में क्रमोन्नत किया जाएगा। नवीन जिलों में जिला परिषदों के गठनधनिर्वाचन तक जिला परिषद संबंधी कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक नवीन जिले में अतिरिक्त मुख्य कार्याकारी अधिकारी जिला परिषद का एक–एक पद सृजित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न जिला स्तरीय समितियों के लिए शीघ्र ही गैर सरकारी सदस्यों को मनोनीत किए जाने का निर्णय भी लिया गया।

**स्वतंत्रता दिवस पर होंगे भव्य आयोजन :** मुख्यमंत्री ने नवीन जिला मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस का 2 दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इन आयोजनों में 14 अगस्त को पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या, सजावटी लाईटिंग व आतिशबाजी की जाएगी तथा 15 अगस्त को मुख्यालय पर गरिमापूर्ण स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव, उषा शर्मा, महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व अपर्णा अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव गृह आनन्द कुमार सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

**जयपुर विकास प्राधिकरण**

## गणेश पूजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया 42वां स्थापना दिवस





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण का 42वां स्थापना दिवस शनिवार को जेडीए प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जयपुर विकास आयुक्त डॉ. जोगा राम ने मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन किया। इस अवसर पर जेडीए अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। जेडीसी ने गणेश पूजन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थापना दिवस पर शुभकामनांए दी। गणेश पूजन के पश्चात् जेडीए परिसर में जयपुर विकास आयुक्त, जेडीए सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## आवासन आयुक्त ने स्थानांतरित सचिव को दी विदाई

**नए सचिव, उप सचिव के आगमन पर दी शुभकामनाएं**



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल के बोर्ड रूम में आयोजित एक कार्यक्रम में मण्डल सचिव अल्पा चौधरी को स्थानांतरण पर विदाई दी गई वहीं नवनियुक्त सचिव बृजेश कुमार चांदोलिया और उप सचिव राजेंद्र सिंह चांदावत के आगमन पर बधाई और शुभकामनाएं भी दी गई। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने इस अवसर पर मण्डल सचिव अल्पा चौधरी को स्थानांतरण पर विदाई देते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। वहीं नवनियुक्त सचिव और उप सचिव को बुके देकर नये दायित्व की शुभकामनाएं दी। अरोड़ा ने सचिव की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने परिवार की तरह कार्य करते हुए मंडल को ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, मनोज गुप्ता, संदीप गर्ग, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, मुख्य सम्पदा प्रबंधक दीपाली भगोतिया, राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ सिंह, संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा सहित मण्डल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ रमेश सोलंकी बने जमवारामगढ़ के संयोजक



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमों हनुमान बेनिवाल एवं शीर्ष पार्टी नेतृत्व के आदेशानुसार पार्टी की सदस्यता महाअभियान की अगुवाई के लिए डॉ रमेश सोलंकी को जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया। इसके साथ ही डॉ सोलंकी ने क्षेत्र में सदस्यता महा अभियान का आगाज कर दिया। उनके नेतृत्व में जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों लोगो को राष्ट्रीय लो. कतांत्रिक पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही उन्हें पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के रूप में चुना गया। डॉ रमेश सोलंकी जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी और पार्टी के प्रति सर्मपित कार्यकर्ता है। लम्बे समय से समाजसेवा में कार्यरत हैं।

## आजादी के रंग, भक्ति के संग कार्यक्रम 15 अगस्त को

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** न्यूरोंस एज्यूकेशनल सर्विस जयपुर एवं जयपुर गोआन एसोसिएशन के तत्वावधान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को सांय 4 बजे ईन्यूल सीनियर सैकंडरी स्कूल झोटवाड़ा में आजादी के रंग, भक्ति के संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य समाजसेवी अरूण कुमार मित्तल उपस्थित होंगे। कार्यकर्ता डेंजिल नाजरेथ ने बताया कि इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति के साथ–साथ वे शहीदों के परिजनों को सम्मानित करेंगे। साथ ही झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और मुकबधिर बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले वीमने इम्पेक्ट एनजीओ को भी सम्मानित करेंगे।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**

**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89,
संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36
भैरव नगर, ईएसआई के पास,
हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

रजि नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
**जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल**
संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]
**JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL**
(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)
प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, रावल जी का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वाटर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6
Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

**पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल**
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

रामलाल पाराशर, निदेशक
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वाटर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268

राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
**प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल**
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

**A.S. MEMORIAL Sec. School**

Ankit Singh
Director
58, Shanti Nagar, N.B.C. Road
Jaipur-302006
Mob. 9549036888
Day Boarding
English Medium
**Your Childs Journey to a Great Future begins here**
Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

**Sanjay Memorial Sr. Sec. School**
17, Janta Nagar, Sodala, Jaipur Reg. No. : 248/81
8852009000, 9828030755
Admission Open
Play Group to XIIth
[Hindi/ English Medium]

इमरान अली, निदेशक
विशेषताएं : विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश, विज्ञान कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी, सभी नए प्रवेश लेने वाली विद्यार्थियों के लिए फ्री यूनीफॉर्म, स्पोर्टस विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट

**सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल**
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

नोयल डिसिल्वा

**LEARNING STEP SCHOOL**
Mr. Abhishek Gupta
Director
SEESION 2023-2024
On Ajmer Highway Road
Book Your Seat Now For CBSE School

PG to XII (CBSE AFFILIATED) Special Features :
Big Ground, Agriculture Garden, Staff Quarters, Students Hostel, Assembly Hall, Projector Room, Labs (Science/Maths/Computer)

## सम्पादकीय

सभी पाठकों को 22वें स्थापना दिवस में प्रवेश करने पर हार्दिक शुभकामनाएं। परिष्कार पत्रिका के दो दशक पूर्ण करने के लिए सभी सुधी पाठकों, मेनेजमेंट टीम, एडिटोरियल टीम, सभी संवाददाता और विज्ञापनदाता, सभी सहयोगियों का बहुत बहुत आभार। परिष्कार पत्रिका शिक्षा के प्रति सर्मपित है। खास तौर पर महिला शिक्षा के लिए सहयोगी है। शिक्षा हमें संस्कार, अच्छे आचरण व्यवहार, ज्ञान, योग्यता बढाने और उनका जीवन भर उपयोग करने का माध्यम बनती है, शिक्षा ही जीवन के हर क्षेत्र मे सफलता के लिए आवश्यक है। शिक्षा से हम अपने अधिकारों को समझकर उन्हें हासिल करने के लिए परिपूर्ण होते है। शिक्षा हमें अंधविश्वास, पाखंडवाद और अनेक भ्रम से निकाल कर हमें सच्चा रास्ता दिखाने का माध्यम है। शिक्षित व्यक्ति की अपने देश व समाज के प्रति जिम्मेदार बनकर अपने साथ अपने परिवार व समाज को भी आगे बढाने में अहम भूमिका निभाता है। जो व्यक्ति शिक्षा, ज्ञान, जानकारी व समझ बढाकर उसका उपयोग अपने व अपने परिवार के कल्याण के साथ–साथ अन्य लोगों को भी अंधविश्वास, पाखंडवाद से मुक्त करने का प्रयास करता है वो प्रसिद्ध के साथ–साथ सम्मान भी प्राप्त करता है। शिक्षा आपको अंधेरे से उजाले की ओर ले जाता है। शिक्षा ही ऐसी शेरनी का दूध है जो भी पीएगा वह दहाड़ेगा।

जय हिन्द। जय भारत।। जय हिन्द। जय भारत।।

## परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस पर केक काटकर शुभकानाएं दी



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** परिष्कार पत्रिका के 21वें स्थापना दिवस पर संस्थापक और निदेशक श्रवण सिंह किरार और प्रधान संपादक हेमलता किरार, रविसिंह किरार सहित परिष्कार पत्रिका परिवार के कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने केक कटिंगकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हेमलता किरार ने सभी पाठकों को शुभकामनाएं देते हुए विज्ञापन दाताओं और सहयोग कर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सभी के सहयोग से निरंतर आगे प्रगति कर रहा है। सम्पादक रविसिंह किरार ने केक कटिंग के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि आप सभी का इसी प्रकार निरंतर सहयोग बना रहेगा ऐसी आशा रखते हैं।

जीडीपी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में सहयोग शिविर का आयोजन

## नए दस्तावेज बनवाने और उनमें त्रुटि सुधार हेतु सहयोग शिविर 20 अगस्त को

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जीडीपी फाउंडेशन ऑफ इंडिया और जय मां सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में नए दस्तावेज बनवाने और उनमें त्रुटि सुधार हेतु सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जीडीपी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सचिव गोविन्द नारायण लुगरिया ने बताया कि आमजन की समस्याओं को देखते हुए दस्तावेज सहयोग शिविर का आयोजन 20 अगस्त रविवार को जय मां सरस्वती विद्यापीठ सीनियर सैकंडरी स्कूल 44 दुर्गा विस्तार कॉलोनी एनबीसी स्टाफ क्वाटर के पीछे खातिपुरा रोड़ जयपुर के प्रांगण में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। गोविंद नारायण ने बताया कि इस शिविर में जनआधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, पहचान पत्र, राशन कार्ड, मकान के पट्टे, मजदूरी डायरी, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, फूड लाईसेंस, पेंशन फार्म, पेनकार्ड सहित समस्त जरूरी दस्तावेजों को बनवाने और दस्तावेजों में सभी प्रकार की त्रुटि सुधार हेतु सहयोग शिविर 2023 का आयोजन किया गया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष रविसिंह किरार ने बताया कि आमजन की विभिन्न समस्याओं को देखते हुए विद्यालय के निदेशक संजय सैनी के सहयोग से यह सहयोग शिविर आयोजित किया गया है जिससे सभी आमजन लाभांवित हो सकेंगे।

प्रेमचन्द्र जयन्ती राज्य स्तरीय समारोह

## प्रेमचन्द की समावेशी और साझा संस्कृति को समृद्ध बनाएं



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में राज्य स्तरीय प्रेमचन्द जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। वैचारिक सत्र में प्रतिष्ठित कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ ने 'प्रेमचन्द की विरासत के मायने' विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि बीसवीं शताब्दी में भारत की स्थितियों पर प्रेमचन्द ने समाज की जिन विद्रूपताओं, विसंगतियों, नारी, दलित, वंचित वर्ग की चिंताओं को अपनी कलम से रेखांकित किया वह आज भी प्रासंगिक है। उनमें समष्टि से जुड़ने की चेतना थी। वे भारतीय मनोविज्ञान के माहिर थे। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता थी। प्रेमचन्द समय और समाज के प्रखर आलोचक रहे। वे कहानी जीवन का अंग मानते थे। आज उनकी समावेशी और साझा संस्कृति की विरासत को समृद्ध करने की आवश्यकता है। प्रतिष्ठितसाहित्य आलोचक डॉ. राजाराम भादू ने विषय का परावर्तन करते हुए कहा कि 20वीं सदी सबसे ज्यादा परिवर्तनों की शताब्दी रही है। प्रेमचन्द जिन जीवन मूल्यों को लेकर सृजन कर रहे थे उसे बचाने की जरूरत है। उन्होंने यथार्थवाद, गांव और समाज, नारी और अन्त्योदयी को प्रतिष्ठा दिलाने का काम किया। उन्होंने ही कहा था कि साहित्य आगे चलने वाली मशाल है। सुप्रसिद्ध लेखक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल और वरिष्ठ कवि कृष्ण कल्पित ने प्रेमचन्द के साहित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। युवा लेखक–आलोचक डॉ. विशाल विक्रमसिंह ने प्रेमचन्द को गांवों का चितेरा और सच्चा इतिहासकार बताया। दुर्भाग्य से आज गांवों की महत्त घट रही है। प्रेमचन्द उस काल के लेखक हैं जब सामन्तवाद खात्मे की ओर एवं ताकतवर पूंजीवाद बढ़ने लगा था। प्रेमचन्द का विवेक हमारी विरासत है। उन्होंने कॉरपोरेट समाज की धड़कन को महसूस कर लिया था। वैचारिक सत्र की अध्यक्षता मीरा पुरस्कार से सम्मानित कवि गोविन्द माथुर ने की और जकेके के कार्यवाहक अतिरिक्त महानिद. शक प्रियव्रत चारण एवं प्रलेस के कार्यकारी अध्यक्ष फारूक आफरीदी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रचनाकारों से वर्तमान समय की चुनौतियों का अपनी कलम से मुकाबला करने का आह्वान किया।

समर्पण संस्था करतारपुरा में मनाएगा 77 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह

# ध्वजारोहण व राष्ट्र नवनिर्माण में लोकोपकार की भूमिका विषयक विचार गोष्ठी 15 अगस्त को



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ राष्ट्र नवनिर्माण में लोकोपकार की भूमिका विषयक विचार गोष्ठी 15 अगस्त को संस्था के कार्यकारी कार्यालय, 18 बी, श्रीकल्याण नगर, करतारपुरा, जयपुर में प्रातः 10 से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सेशन न्यायाधीश भरोसी लाल गुप्ता (पूर्व रजिस्ट्रार, प्रशासन, राजस्थान उच्च न्यायालय व पूर्व विशेषाधिकारी,लोकायुक्त, राजस्थान) होंगे तथा अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय लॉ कॉलेज द्वितीय की उप प्राचार्य असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजु गहलोत करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. भीम सिंह मीना (सीनियर प्रोफेसर एवं प्रभारी, ब्लड बैक अस्पताल, जयपुर ), डॉ. नाइमा मेनन (सीनियर प्रोफेसर, रेडियोडायग्नोसिस विभाग, एस एम एस मेडिकल कॉलेज, जयपुर), प्रमोद चोरड़िया (संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान व अध्यक्ष, जैन श्वेताम्बर संघ, त्रिवेणी नगर, जयपुर), गुरू सुमेरसिंह राठौड़ (बलवन्त व्यायामशाला, जयपुर), भंवरलाल बुनकर ( सेवानिवृत्त, बैंक ऑफ महाराष्ट्र व अध्यक्ष, समाज सहयोगी संस्था, जयपुर), रमेशचन्द वर्मा ( प्रदेशअध्यक्ष, बौद्ध जाग्रति मंच सेवा संस्था व विकास अधिकारी, भरतपुर ), आर्किटेक्ट एस.के.बेरी (एस के बेरी एण्ड एसोशिएट, बीकानेर), एन.राम (प्रबन्ध निदेशक, रामा एयरकॉन इन्जीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर) होंगे। विचार गोष्ठी में मुख्यवक्ता संस्था के प्रधान मुख्यसलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश उदय चन्द बारूपाल रहेंगे। मंच संचालन ऑल इंडिया रेडियो एंकर शिवाली गुप्ता करेंगी। कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा अन्य अतिथियों, संस्था पदाधिकारी व सदस्यगणों के साथ ध्वजारोहण होगा। उपरान्त विचार गोष्ठी में सभी अतिथि व वक्ता राष्ट्र नवनिर्माण में लोकोपकार की भूमिका विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा लोक कलाकार व गायक लोकनृत्य व देशभक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे।

## प्राचीन भारतीय दर्शन की गुत्थियों को सुलझाने में लगे प्रमुख विद्वान

लाडनूं में 'षड्दर्शनसमुच्चय' पर 12 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में महत्वपर्ण व्याख्यान

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** लाडनूं। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (आईसीपीआर) नई दिल्ली के प्रायोजकत्व में जैन विद्या एवं तुलनात्मक धर्म तथा दर्शनविभाग के द्वारा जैन विश्वभारती संस्थान (मान्यविश्वविद्यालय) में 'आचार्य हरिभद्रसूरि का षड्दर्शनसमुच्चय' विषय पर चल रही 12दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में देश भर से प्रमुख विद्वान सम्मिलित हुए हैं और सभी विषय से सम्बंधित उप विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत कर रहे हैं और प्राचीन भारतीय दर्शनों के गूढ़ रहस्यों की गुत्थियों को सुलझाने के प्रयास करते हैं। अब तक कार्यशाला में संस्थान के प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा 'षड्दर्शनसमुच्चय एवं आचार्य हरिभद्रसूरि का परिचय' पर, प्रो. समणी ऋजुप्रज्ञा द्वारा 'जैन दर्शन का वैशिष्ट्य' विषय पर, दिल्ली विश्वविद्यालय से पधारे संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ओमनाथ बिमली द्वारा 'मीमांसक मत' पर, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जैन–बौद्ध दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार जैन द्वारा 'जैन मत' पर, संस्थान के ही प्राकृत एवं संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. दामोदर शास्त्री द्वारा 'वैशेषिक मत' पर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मचंद जैन द्वारा 'मीमांसकमत' पर और संस्थान के प्राकृत एवं संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जिनेंद्रजैन के 'हरिभद्रसूरि का प्राकृत साहित्य को योगदान' विषय पर व्याख्यान प्रदान किए जा चुके हैं। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से कुल 36 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। साथ ही स्थानीय परमार्थिक शिक्षण संस्थान से 15 मुमुक्षु बहनें भी इस कार्यशाला में गंभीर अध्ययन का लाभ ले रहे हैं। इस राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन में जैन विद्या एवं तुलनात्मक धर्म तथा दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला–निदेशक प्रो. समणी ऋजुप्रज्ञा, डॉ. समणी अमलप्रज्ञा तथा कार्यशाला के संयोजक प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी जुटे हुए हैं।

## जोधपुर में 4 से 6 मार्च 2024 को होगा राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) बोर्ड मीटिंग सोमवार को उद्योग भवन में आयोजित की गई। बोर्ड मीटिंग की अध्यक्षता आरईपीसी एवं राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने की। इस बोर्ड मीटिंग में अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। राजीव अरोड़ा ने मीटिंग में आगामी समय में होने वाले महत्पूर्ण आयोजनों और मुद्दों पर चर्चा की। बोर्ड मीटिंग में अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य वीनू गुप्ता, आरईपीसी के उपाध्यक्ष महावीर शर्मा, रीको प्रबन्ध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा, आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य ओम कसेरा, पर्यटन निदेशक डॉ रश्मी शर्मा, राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त, धीरज श्रीवास्तव, आरईपीसी नवनियुक्त सीईओ सीबी नवल और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारी भी हुए शामिल। आरईपीसी एवं राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने तीन नए मेम्बरों को बोर्ड से परिचित कराया जिसमे पर्यटन निदेशक, आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन, आयुक्त, एग्रीकल्चर मार्केटिंग शामिल है। आरईपीसी एवं राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने बताया की 4 से 6 मार्च 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो का जोधपुर में आयोजन किया जायेगा। पिछले साल हुए राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो की सफलता का परिणाम है की इस साल आरईपीसी ने लगभग 80,000 करोड़ तक का निर्यात किया है। जोधपुर में होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो में हेंडीक्राफ्ट, फर्नीचर, टेक्सटाइल, गारमेंट, एग्रो प्रोडक्ट्स, इंजीनियर प्रोडक्ट्स, आईटी के प्रोडक्ट्स शामिल होंगे। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों, निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रमों और अभियानों के सफल क्रियान्वयन से निर्यातकों और निर्यात को गति मिली है। वर्ष 2017–18 में राजस्थान से निर्यात 46,476 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2022–23 में बढ़कर 77,771 करोड़ रुपये हो गया। पिछले छह वर्षों में निर्यात में 31,000 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है, जो राज्य के सुखद और समृद्ध भविष्य की तस्वीर है।

## कर्मचारी नेता की याद में जलनायकों ने किया 204 यूनिट रक्त रक्तदान



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान इंटक फेडरेशन के लोकप्रिय कर्मचारी नेता रहे व सर्वप्रथम प्रदेशाध्यक्ष रहे मांगीलाल शर्मा की 30वीं पुण्यतिथि पर जवाहर नगर के जनपयोगी भवन में रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, जिसमें जलदाय कर्मचारियों व आम श्रमिकों ने 204 यूनिट रक्तदान किया व हजारों की संख्या में श्रमिकों ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी आयोजनकर्ता व पीएचईडी इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, जगदीश शर्मा, ताराचंद सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेता की याद में रक्तदान शिविर लगाया गया।

## वरिष्ठ साहित्यकार श्री श्रीकृष्ण शर्मा को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जयपुर के तत्वावधन में आयोजित उपन्यास सम्राट प्रेमचंद की 143 वीं जयंती के अवसर पर प्रतिष्ठित साहित्यकार और शब्द संसार के अध्यक्ष कृष्ण शर्मा को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। शर्मा को शाल शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव समारोह के मुख्य अतिथि थे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जयपुर के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना ने कृष्ण शर्मा के साहित्यिक योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि उन्होने पिछले पचास वर्षों में अनेक विभूतियों के ग्रन्थों का सम्पादन किया और साहित्यिक सृजन के क्षेत्र में अतुलनीय एवं रेखांकित करने योग्य कार्य किया है। यह अवार्ड बेदिल फाउंडेशन के सौजन्य से प्रदान किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने लगाया कल्पवृक्ष

## शिक्षा संकुल परिसर में पौधारोपण किया



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** पर्यावरण की दृष्टि से ही नहीं सावन मास में वृक्ष लगाना पौराणिक मान्यता के अनुसार भी महत्वपूर्ण माना जाता है और यदि वृक्ष कल्पवृक्ष हो तो उसका महत्व 100 गुना बढ़ जाता है, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय जयपुर राजेंद्र शर्मा हंस ने शिक्षा संकुल परिसर में कल्पवृक्ष का जोड़ा लगाकर उसके अनेक लाभ बताएं। पौराणिक मान्यता है कि कल्पवृक्ष के दर्शन और संपर्क से ही अनेकानेक लाभों की प्राप्ति होती है।

सेठ लक्ष्मीनारायण की पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण

## ओमाश्रय सेवाधाम की यज्ञशाला के तीन तरफ बनाई अशोक वाटिका



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेठ लक्ष्मी नारायण स्मृति संस्थान जयपुर द्वारा लक्ष्मी नारायण की चौबीसवीं पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण द्वारा शिव विहार कालोनी मुहाना में यज्ञशाला के तीन तरफ अशोक वाटिका वनाई।

वृक्षारोपण से पूर्व ओउमाश्रय बानप्रस्थ आश्रम की सन्तोष नारायण शर्मा ने यज्ञ कराया। संस्थान अध्यक्ष डॉ प्रमोद पाल ने बताया कि इस अवसर पर ऋचा यश गर्ग एवं देवेन्द्र गर्एग सिएटल यूएसए से आए। यशपाल यश एवं मधु यश यजमान रहे। पवन आर्य, दीपांकर यश पलक वंदना एवं प्रियंका सानबी, आग्नेय, प्रणव, नाव्या तथा भगवान दास गर्ग बाडी वाले मौजूद रहे। परिजनों ने यज्ञ में आहुतियां देकर प्रभुजनों को भोजन प्रसादी एवं लड्डू वितरण किया।

इस अवसर पर यश ने कहा कि मनुष्य जीवन में पूर्व जन्म के कर्म, माता–पिता के संस्कारों तथा पर्यावरण का महत्व होता है। वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन शुद्धि पक्षियों का कलरब आत्मिक सुख शांति और आनंद देता है।

# 5 दिवसीय राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह का हुआ समापन




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग ने 5 दिवसीय राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह का सफलता पूर्वक समापन किया, जो राज्य में बुनकरों, हथकरघा उत्पादों और खादी क्षेत्र की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में कारीगरों, खरीददारों और जनता की जबरदस्त भागीदारी देखी गई। राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा किया गया था, जिन्होंने राज्य में हथकरघा और खादी क्षेत्र के बुनकरों और उत्पादकों को समर्थन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कारीगरों की असाधारण शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ, इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट हथकरघा और खादी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 80 स्टॉल लगे थे। इसके अतिरिक्त, 10 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बुनकरों को अपनी असाधारण कृतियों को विविध दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान 3–4 को बायरसेलर मीट की गई, जिसमें लाइफस्टाइल इंक., टीक्यूएम ग्लोबल बाइंग, डिरंगा होम टेक्सटाइल्स और अमेजॅन ग्लोबल सेलिंग जैसे प्रमुख संगठनों के 20 खरीदारों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य बाजार संबंधों को मजबूत करना और खादी और हथकरघा उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने, साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर संभावित खरीदारों को साथ जुड़ने हेतु कारीगरों के लिए यह मंच उपयोगी साबित हुआ। राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह में आकर्षक कार्यशालाएँ, प्रश्नोत्तरी और प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शानदार फैशन शो था जिसमें हथकरघा और खादी उत्पादों के डिजाइनर परिधान प्रस्तुत किये गए। राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह 2023 हथकरघा और खादी उत्पादों की विविधता और सुंदरता का जश्न मनाते हुए कारीगरों और उपस्थित लोगों दोनों के लिए एक समृद्ध अनुभव था। इस आयोजन ने फैशन उद्योग में सतत विकास और मान्यता के लिए एक मजबूत मंच प्रदान किया, बुनकरों के सशक्तिकरण और पारंपरिक शिल्प के संरक्षण में योगदान दिया। उद्योग और वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार, राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, खरीदारों, कारीगरों और आम जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। सभी हितधारकों का निरंतर समर्थन और उत्साह राज्य में हथकरघा और खादी की अमूल्य विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।


## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खर्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

------------

### वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

# मां का दूध नवजात के लिए सर्वोत्तम आहार



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विश्व स्तनपान दिवस पर जी. एल. सैनी मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुहाना मंडी रोड, संस्कार भवन मानसरोवर, जयपुर के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित अंत. रराष्ट्रीय शिशु स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष में संस्था के निदेशक डॉ. प्रमोद पाल एवं दीपांकर यश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कॉलेज प्राचार्य के मार्गदर्शन से 1 अगस्त से 7 अगस्त के अंतर्गत अत्यंत उत्साह के साथ स्तनपान सप्ताह समारोह मनाया जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर ,नाटक ,प्रदर्शनी ,प्रतियोगिता आदि के माध्यम से स्तनपान के महत्व व उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दिवस की सन् 2023 का विषय आइए स्तनपान कराएं और काम करे के उपलक्ष में संचालनकर्ता धीरज जोशी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक आयोजित किया गया जिसमें लोग अंधविश्वास व बाबाओ की वजह से मां द्वारा नवजात को पहला दूध नहीं पिलाया जाता जिसके परिणाम स्वरूप नवजात को कई स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। साथ ही में स्तनपान पोस्टर व प्रदर्शनी के अंतर्गत मां के पहले दूध ( कॉलस्ट्रोम) का महत्व व स्तनपान कराने की सही स्थिति को प्रदर्शित किया गया एवम कंगारू मदर केयर के बारे में बताया गया की इसके माध्यम से मां व बच्चा दोनों के बीच एक गहरा संबंध कैसे स्थापित होता है व कैसे मां और बच्चा दोनों के लिए लाभदायक है। कार्यक्रम में डॉ. मनमीत, कृष्णकांत सोनी, महिमा, मुस्कान, राजीव चतुर्वेदी, धीरज, प्रशांत, लव कुश व रविकांत द्वारा इस विषय के संबंध में अपने विचार व सुझाव विद्यार्थियों को बताएं व कार्यक्रम के समापन पर मिठाई व पुरस्कार वितरण किए गये।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में शहीदों के सम्मान मे श्रद्धांजलि कार्यक्रम बजरंगगढ़ सर्किल स्थित विजय स्मारक पर आयोजित किया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के इस पावन पर्व कारगिल विजय दिवस पर हिंद सेवा दल अध्यक्ष श्री आर के महावर की अध्यक्षता में अजमेर शहर के सभी क्षेत्रों के देश भक्ति की भावना रखने वाले लोगों ने बजरंग गढ़ स्थित शहीदों के द्वारा जीते गए युद्ध स्त्रोत टैंक पर हिंद सेवा दल बैनर के तले श्रद्धांजली अर्पित की, इस कार्यक्रम में आर के महावर सहित दीपक कुमार ठाकुर, हेमेंद्र कुमार सिंगोदिया (सैनी), राजकुमार भाटी, अमर सिंह निर्वाण, दीपक शर्मा, राजेन्द्र गांधी, कमल गंगवाल, प्रकाश खन्ना, दिनेश शर्मा, निक्की जैन, अशोक जैन, तेज पाल दिनेश परमार आशीष पैट्रिक, प्रेम चंद, हेमंत पंवार, रोजर डेविड, पवन झा, शकील अहमद, मनीष सैनी, गौरव सैनी, निर्मल कुमार, छोटूराम गुर्जर, संदीप भल्ला, सोनू ईमरान खान, पिंटो, दक्ष महावर आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आयोजना मंत्री जन आधार को डिजिटल ट्रांसफार्मेशन इन सोशल सेक्टर श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार जीतने पर दी बधाई



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आयोजना मंत्री ममता भूपेश ने राज्य की महती फ्लैगशिप योजना जन आधार को डिजिटल ट्रांसफार्मेशन इन सोशल सेक्टर श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। पुरस्कार मिलने पर आयोजना विभाग की मंत्री ने निदेशक सांख्यिकी भंवर लाल बैरवा और जन आधार प्राधिकरण के संयुक्तनिदेशक सीताराम स्वरूप को बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि गोआ में शनिवार रात को आयोजित तीन दिवसीय ईटी गवर्नमेंट डिजिटेक कॉन्क्लेव और अवार्ड्स 2023 का समारोह का समापन हुआ। जिसमें राज्य की महती फ्लैगशिप योजना जन आधार को डिजिटल ट्रांसफार्मेशन इन सोशल सेक्टर श्रेणी स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जन आधार योजना को यह पुरस्कार देश भर से आई 300 से अधिक प्रविष्ठियों में से चुन कर मिला है। आयोजना विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने भी समस्त जन आधार टीम को पुरस्कार के लिए बधाई दी और टीम को ऐसे ही दृढ़ संकल्प से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित ईटी डिजिटेक अवार्ड्स सबसे बड़े ई गवर्नेंस पुरुस्कार हैं। पुरस्कारों की ज्यूरी में केंद्र और राज्यों के वर्तमान और पूर्व आईटी सचिव और पूर्व मुख्य सचिव भी सम्मिलित थे।

### सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का राज्य स्तरीय शुभारंभ

# वैशाली नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रथम चरण का शुभारंभ



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** प्रदेश में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का राज्य स्तरीय शुभारम्भ राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली नगर में आयोजित हुआ। सभी जिलों में तीन महीनों में 6–6 दिन चलने वाले इस विषेस टीकाकरण अभियान में टीकाकरण से वंचित व छूटे हुए जन्म से 5 साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। अभियान का प्रथम चरण 12 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में परियोजना निदेशक टीकाकरण, डॉ. रघुराजसिंह, स्टेटप्रोग्राम नोडल ऑफिसर डॉ. देवेंद्र सौंधी, आर सी एच ओ, जयपुर प्रथम डॉ. अमन माथुर, आरसीएचओ, जयपुर द्वितीय डॉ. पुष्पा चौधरी, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर, जेएसआई, डॉ. धीरेंद्र त्यागी, डब्ल्यू एच ओ प्रतिनिधि डॉ. सुशील गौतम, यूएनडीपी नेशनल प्रोग्राम ऑफिसर गिरीश दवे, यूपीएम प्रशांत और यूपीएम डॉ. विक्रम उपस्थित रहे। इस मौके पर सघन मिशन इंद्रघनुष 5.0 अभियान के प्रचार पोस्टर का विमोचन भी किया गया। अभियान के तहत टीकाकृत किए गए बच्चों और गर्भवती महिलाओं के कवरेज की एंट्री यूविन सॉफ्टवेयर में की जाएगी। सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही प्रदेश के लाभार्थी गर्भवती महिला व बच्चों को टीके देश में कहीं भी लगाए जा सकेंगे और उनकी एंट्री यूविन सॉफ्टवेयर में हो सकेगी। सघन मिशन इंद्रघनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण 8 से 12 अगस्त तक, द्वितीय चरण 11 से 16 सितंबर तक और तृतीय चरण 09 से 14 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** वर्गो संस्कृति संस्था की ओर से ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुरलीपुरा स्कीम मुरलीपुरा थाने के पास जयपुर में कौन होगा सुपरस्टार क्वीज कंटेस्ट जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12वीं तक 500 छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीपक सैनी रैप स्टार गायक ने अपनी आवाज में जीवन एक संघर्ष सुना कर यह संदेश दिया कि बुरे वक्त से लड़ने वाला ही महान बनता है। संघर्ष ही निर्णय करता है, कि आप कितनी ऊंचाइयों को छू सकते हैं, क्योंकि उड़ने के लिए परो पंख में जान होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सूचना मंत्री सुनील जैन ने बच्चों को हास्य कॉमेडी के माध्यम से हंसा –हंसा कर जनरल नॉलेज प्रश्न पूछे और उन्हें सही जवाब देने पर साक्षी शर्मा योगिता शर्मा लक्षिता वर्मा राहुल सैनी प्रिंस शर्मा अनन्या शर्मा चंदन प्रीतम दीक्षांत सैनी जिया जैन शाहिद खान रितिका भावनानी को गोल्ड मेडल मोमेंटो सीनरीज व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसी दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य संजय सुरीला को शॉल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय डायरेक्टर प्रमोद शर्मा इस कार्यक्रम की सराहना की और आगे ऐसे प्रतियोगिता कराने के लिए आव्हान किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर दीपेंद्र सिंह शेखावत माया जांगिड़ सुमन शर्मा समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# 30 रूपए के कुरकुरे विवाद में चाकू मारने वालों को 7–7 साल की जेल

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** महानगर प्रथम क्षेत्र की एससी/एसटी मामलों की विशेश अदालत ने 30 रूपए के कुरकुरे विवाद को लेकर हुए झगड़े के दौरान जानलेवा हमला कर चाकू मारने के मामले में फकरूद्धीन उसके बेटे इमरान और गुलफाम को सात–सात साल की जेल की सजा सुनाई हैं। कोर्ट ने दोशियों पर 48 हजार रूपए जुर्माना भी लगाया है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता आकाश कुमार ने परिश्कार पत्रिका को बताया कि 30 नवंबर 2012 की रात गिरधर व मुकेश जयपुर ने मेहनत नगर क्षत्र स्थित दुकान पर कुरकुरे लेने रूके। मुकेश जंडेल के कुरकुरे मांगने पर मुन्ना ने पहले के तीस रूपए देने को कहा, इस पर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान दोशियों ने चाकू और ईंट–पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे मुकेश घायल हो गया। उसका भाई लोकेश जंडेल बचाने आया तो उसके भाई के पैर व गुप्तागों पर पत्थर की मारी। जब वे चिल्लाने लगे तो इमरान और साथी छोड़कर भाग गए। वहां से सभी को लेकर सीधे एसएमएस अस्पताल पहुंचे। अधिवक्ता आकाश ने बताया कि इस मामले में सभी सात–सात साल की सजा और 48 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया है।

# खाचरियावास ने 54 दिव्यांगों को विधायक कोष से स्कूटी देकर किया उत्साहवर्धन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने अपने सरकारी निवास 48 सिविल लाइंस पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के 54 दिव्यांगों को अपने विधायक कोष से स्कूटी वितरित की। खाचरियावास ने इस अवसर पर कहा कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के लगभग 300 दिव्यांग परिवारों को विधायक कोष से स्कूटी अब तक दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में जो भी दिव्यांग है मेरे घर पर आवेदन करते हैं उसके पश्चात उन्हें स्कूटी दी जाती है। खाचरियावास ने इस अवसर पर दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा की राजस्थान की सरकार दिव्यांगों को फ्री पेंशन, फ्री इलाज, फ्री दवा, फ्री गेहूं वितरण जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं दे रही है। दिव्यांग हमारे परिवार के सदस्य हैं हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम दिव्यांगों की आगे आकर मदद करें। खाचरियावास ने राजस्थान के सभी 200 विधायकों से अपील की है कि वह भी अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को स्कूटी वितरित करके उनका उत्साहवर्धन करें। इस अवसर पर मंत्री खाचरियावास के आवास पर पार्षद मनोज मुदगल, आरिफ खान, विमल यादव, अजरुदीन, सुनीता शेखावत, दशरथ सिंह शेखावत, दीपक शर्मा, अंजली शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर पार्षद मनोज मुदगल ने सिविल लाइंस विधानसभा के नागरिकों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में कोई दिव्यांग है तो उसकी सूचना मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के सरकारी आवास पर दें जिससे उन्हें भी स्कूटीउपलब्ध कराई जा सके।

# मुख्यमंत्री करेंगे विद्यायक आवास परियोजना का लोकार्पण 12 अगस्त को

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान आवासन मंडल द्वारा विधानसभा के सामने स्थित नवनिर्मित 'विधायक आवास परियोजना' का 12 अगस्त को सायं 6:30 बजे लोकार्पण करेंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल और नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में वर्तमान एवं पूर्व विधायकगण, सांसदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण भी शिरकत करेंगे। उन्होंने परियोजना के बारें में जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट अत्याधुनिक सुविधाओं एवं सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित है। साथ ही इस परियोजना के अर्न्तगत छह बहुमंजिला इमारतों (जी8) में 3 हजार 200 स्क्वायर फीट वाले कुल 160 आवास बनाए गए हैं।

# जयपुर में सामाजिक न्याय महासम्मेलन 20 अगस्त को

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के तत्वावधान में सामाजिक न्याय महासम्मेलन 20 अगस्त 2023 को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक मोहन लाल बैरवा प्रदेश संयोजक मिशन 78 कांशीराम राजस्थान के अनुसार कार्यक्रम में मा एड चन्द्रशेखर आजाद राश्ट्रीय अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी मुख्य अतिथि होंगे जो बहुजन साथियों को सम्बोंधित करेंगे।

# छात्राओं के लिए सेल्फ ग्रुमींग मेकअप सेमिनार



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सी–स्कीम स्थित काशीबाई छगनलाल झवेरी सी. सै. स्कूल, जयपुर में शुभारम्भ फाउंडेशन ब्यूटीशियन एण्ड स्कील पार्टनर (एन.जी.ओ.) ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय में कक्षा 09 से 12 तक की 150 छात्राओं को सेल्फ ग्रुमीग मेकअप एण्ड ब्यूटी टिप्स सिखाए गए। वर्कशॉप में मेकअप आर्टिस्ट लीना सैनानी ने छात्राओं को मेकअप की बारीकियों की प्रायोगिक जानकारी दी। विद्यालय के प्रिंसिपल देवेन्द्र कुमार वाजा ने छात्राओं को बताया की आने वाले समय में ब्यूटीशियन कोर्स की आवश्यकता अधिक होगी क्योकि आने वाला युग सोशल मीडिया का युग है और प्रत्येक व्यक्ति सुन्दर दिखना चाहता है तो ब्यूटीशियन कोर्स आज के युग की डिमाड है। फैशन और सुंदरता के कोर्स अधिक प्रचलित होंगे। शुभारम्भ फाउंडेशन ब्यूटीशियन एण्ड स्कील पार्टनर (एन.जी.ओ.) ग्रुप के सौजन्य से डायरेक्टर नवनीत ओझा ने सभी छात्राओं को प्रशस्ती–पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला प्रबन्ध समिति के प्रमुख भरतभाई शाह, मानद् मंत्री रजनीकान्त पटेल, गुजराती समाज के गणमान्य सदस्य, विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे विद्यालय के प्रिंसिपल देवेन्द्र कुमार वाजा ने शुभारम्भ फाउंडेशन ग्रुप को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चिकित्सा संस्थानों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मनाया शक्ति दिवस



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जिला जयपुर द्वितीय में शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. बी. एल. मीणा ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

# पीएम स्वनिधि योजना पर हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**पीएम स्वनिधि योजना के तहत 45 स्ट्रीट वेन्डर्स को ऋण वितरण के साथ समय पर किश्त चुकाने वाले स्ट्रीट वेण्डर्स एवं उत्कष्ट कार्य करने वाले बैंकों को किया सम्मानित**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर में सभासद भवन में पीएम स्वनिधि योजना पर बैंकों व स्ट्रीट वेन्डर्स की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी ने 45 स्ट्रीट वेन्डर्स को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 10 हजार, 20 हजार व 50 हजार का ऋण प्रदान किया इसके साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत नियमित किश्त चुकाने वाले स्ट्रीट वेन्डर्स एवं नियमित रूप से डिजिटल लेन–देन करने वाले स्ट्रीट वेण्डर्स को सम्मानित भी किया गया। इसके साथ योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकों जिसके अंतर्गत बैंक ऑफ बडौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया को सम्मानित किया गया इसके साथ ही एनजीओ अमेरिकन इंडियन इन्सटिट्यूट को भी सम्मानित किया गया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेन्डर्स हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है इस कार्यशाला में पीएम स्वनिधि योजना योजना का सुगम रूप से आवेदन व प्रक्रिया हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

इसके साथ ही महापौर डॉ. सौम्या ने सभी से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें गीला व सूखा कचरा नीले एवं हरे डस्टबीन में डालें। इसके साथ ही अपनी थड़ी–ठेले के बाहर कचरा पात्र रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी स्ट्रीट वेण्डर्स को सख्त लहजे में कहा कि कचरा फैंलाने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उनकी फोटो खीचकर उनपर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त महेन्द्र सोनी ने कहा कि स्वच्छता आमजन की जिम्मेदारी भी है जिससे वह पूरी तन्मयता से निभाये। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सबसे बड़ी सेवा है इसलिए अपनी–अपनी थड़ी ठेलों के पास डस्टबिन जरूर रखे। कार्यक्रम में काजल द्वारा स्वच्छता का गीत रंग गुलाबी सुन्दर प्यारा नगर निगम आधारा हम सब मिलकर प्रण करेगे स्वच्छ बनेगा शहर हमारा'' गीत गाकर कार्यक्रम में समा बांध दिया।

रजिस्ट्रेशन नं. 145/2018
( राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 )
आयकर छूट : धारा 80 G – आयकर अधिनियम, 1961
पेन नम्बर-AAATU8982B

# उदयकौशल फाउण्डेशन, जयपुर, राजस्थान

( कार्यक्षेत्र : सम्पूर्ण भारत )












उदय चन्द बारूपाल
( पूर्व जिला न्यायाधीश )

लक्ष्य एवं उद्देश्य
- शिक्षा
- खेल–कूद
- सामाजिक सेवाएँ
- महिला सशक्तिकरण
- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा
- साक्षरता एवं साहित्य प्रकाशन
- जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान

न्यासीगण :
1. नरेन्द्र बारूपाल
2. श्रीमती दुर्गा बारूपाल,
3. श्री शंकर लाल महरानियाँ
4. श्री सुभाष आर्य
5. नीलू बारूपाल
6. डॉ. संगीता आर्य
7. सपल बारूपाल

कार्यालय प्रबंधक :
नरेन्द्र बारूपाल,
सपल बारूपाल, गहना बारूपाल

सामाजिक सरोकारों की नई यात्रा ...

- स्वर्गीय श्रीमती कौशल्या देवी बारूपाल ''संस्थापक ट्रस्टी'' के पति उदय चन्द बारूपाल, पूर्व जिला न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, उदयकौशल फाउण्डेशन ने अपने पैतृक गाँव मीठड़ी तहसील नावां जिला नागौर मे राज्य सरकार के ( हरा-भरा तालाब ) अभियान के अन्तर्गत ''कौशल्या बारूपाल स्मृति वन ( हरा-भरा तालाब )'' बनाने के लिये गोद लेकर वर्षा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये दिनांक 23 जून, 2021 को कार्य का शुभारम्भ किया।
- ग्राम मीठड़ी से गुजरने वाले हाईवे पर केरिया नाडा तालाब को ''कौशल्या बारूपाल स्मृति वन ( हरा-भरा तालाब )'' के रूप में सन्तुलित विकास ग्रामवासियों के लिये किया जा रहा है।
- इस स्मृति वन में ग्रामवासियो के लिये घूमने के लिये ट्रेक, व्यायाम उपकरण, पर्यावरण हेतु विभिन्न प्रकार के पेड़ो का सघन पौधारोपण किया जा रहा है। वर्षा जल संरक्षण के लिये तालाब एवं केचमेन्ट एरिया को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है।
- जागरूक गाँव की एक ही पहचान पेड़, पौधों, वर्षा जल संरक्षण को कोई हानि न हो। प्रत्येक ग्रामवासी तक यह सुनहरा संदेश पहुँचाना है कि जलवायु, पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लें।

E-mail : ucharupal@gmail.com | udaikaushal@gmail.com | Website : udaikaushalfoundation.com
rbarupal22@gmail.com

